हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

17 को सेनानी बूढ़ान साय की पुण्यतिथि कार्यक्रम म... 14



यूथ रेडक्रॉस उपसमिति के सदस्यों की हुई बैठक 14





## खबर संक्षेप

### कोडार बांध में मिला बीज भंडार संचालक का शव

**महासमुंद।** नगर के बीज भंडार के संचालक और सिविल लाइन निवासी 65 वर्षीय विजय चंद्राकर का शव कोडार बांध से बरामद किया गया है। मौत का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय कोडार बांध किनारे विजय चंद्राकर की स्कूटी काफी देर तक खड़ी देख ग्रामीणों को संदेह हुआ। जिसकी सूचना तुमगांव पुलिस को दी गई। जब आसपास खोजबीन की गई तो बांध के पानी में उनका शव मिला। मामले की जांच की जा रही है।

### मंदिर से बाइक चोरी

**महासमुंद।** पतई माता मंदिर दर्शन के लिए गए युवक की बाइक अज्ञात ने पार कर दी। प्रार्थी ने चोरी की रिपोर्ट पटेवा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार ग्राम चिरको निवासी सोनीलाल जांगड़े (37) ने पुलिस को बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान 29 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे वह अपने बहन दामाद दुर्गादास चेलक की बाइक बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 04 एमआर 5920 में पतई माता मंदिर दर्शन के लिए गया था। बाइक को मंदिर गेट के पास खड़ी किया था। शाम करीब 4 बजे वापस लौटा तो बाइक नहीं थी।

### दीपावली 21 को

**महासमुंद।** श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने इस माह के पर्वों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दीपावली महालक्ष्मी पूजन 21 अक्टूबर, गोवर्धन पूजन (अन्नकूट) 22 को और 23 को भाई दूज मनाया जाएगा।

## संगठन चुनाव: युवाओं और कांग्रेसी विचारधारा के लोगों को संगठन से जोड़ने की तैयारी

# दिनभर डटे रहे दावेदार, मची जिलाध्यक्ष बनने होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष इस बार पॉवरफुल होंगे। चुनाव में टिकट वितरण के समय उनकी राय महत्वपूर्ण मानी जाएगी। 5 साल के शासन के बाद कांग्रेस एक बार फिर बतौर विपक्षी दल की भूमिका में है। वहीं, वर्तमान सरकार के परफार्मेंस और हालात से कांग्रेसी आश्वस्त हैं कि अब की बार... नहीं बननी भाजपा की सरकार।

गुरुवार को राजीव (कांग्रेस) भवन में सुबह से ही गहमा-गहमी रही। जो दिन भर जारी रही। जिलाध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक के आगमन की तैयारियों के साथ देर शाम तक जिले भर से पहुंचे दावेदार और उनके समर्थकों का यहां जमावड़ा लगा रहा। बता दें कि आगामी सभी चुनावों में जिलाध्यक्षों की महती भूमिका होगी। टिकट वितरण में भी जिलाध्यक्षों के अभिमत महत्वपूर्ण होंगे। चुनाव के लिए बचे हुए तीन साल इन जिलाध्यक्षों से कांग्रेस उस उद्देश्य को पूरा करने भरपूर जोर लगाएगी जिससे प्रदेश में एक बार फिर काबिज हुआ जा सके। चुने गए जिलाध्यक्ष को रिजल्ट आधारित टारगेट वर्क मिलेगा। साथ ही स्वयं को संगठनात्मक तौर पर बेहतर साबित करने का भी मौका होगा। दावेदारों के दावों और इरादों को जानने के बाद एआईसीसी को भेजे जाने वाले नाम तय होंगे। इसके पहले भी दावेदारों को कई कठिन परिक्षाओं से गुजरना होगा। दावा करने के साथ कांग्रेस के लिए किए जा रहे उनके कार्यों का भी आंकलन होगा। इन दावों की सत्यता भी पर्यवेक्षक द्वारा परखी जाएगी।





### गुटबाजी नहीं इसे महत्वाकांक्षा कहें: रीटा

कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर लगातार खड़े हो रहे सवालों पर रीटा चौधरी ने स्पष्ट किया कि इसे गुटबाजी नही बल्कि महत्वाकांक्षा के तौर पर समझें। पंच के बाद सरपंच और उसके बाद विधायक का ख्वाब हर किसी का होता है। कार्यकर्ता भी संगठन में अंतिम पंक्ति से उठकर मंच तक पहुंचना चाहते हैं। इसलिए, यह उनकी आपसी होड़ मानी जा सकती है। लेकिन, काम तो सभी कांग्रेस के लिए करते हैं इसलिए इसे गुटबाजी के तौर पर नही बल्कि महत्वाकांक्षा समझें।



### दावेदारी शुरु होने से ठीक पहले निरस्त हुआ अंकित का निष्कासन

जिलाध्यक्ष पद के दावेदारी की शुरुआत गुरुवार को होनी थी। इसके पहले जिलाध्यक्ष दावेदार अंकित बागबाहरा को खल्लारी विधानसभा के चारों ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों द्वारा विभिन्न आरोपों के तहत पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया। लेकिन, निष्कासन पर आपत्ति के बाद प्रदेश स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट पर अंकित बागबाहरा को पीसीसी चीफ दीपक बैज ने क्लीन चीट देते हुए बुधवार शाम उनका निष्कासन रद्द कर दिया और उन्हें पुनः बहाल कर दिया गया। ऐसा तीसरी बार हुआ। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने 8 अक्टूबर को पत्र क्रमांक 1066 के आदेश को तत्काल प्रभाव से प्रभावी बताते हुए पत्र जारी किया है।

## सतनामी समाज आज करेगा अजाक थाना का घेराव

**महासमुंद।** एट्रोसिटी एक्ट के आरोपी प्रभारी प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चंद्राकर की शीघ्र गिरफ्तारी एवं निलंबन की मांग को लेकर आज सतनामी समाज द्वारा अजाक थाना का 12 बजे घेराव किया जाएगा। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए सतनामी समाज के प्रमुख विजय बंजारे व महेंद्र कोसरिया ने बताया कि 30 अगस्त को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नरतोरा के प्रभारी प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चंद्राकर द्वारा सतनामी समाज की शिक्षिका से अभद्र पूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें भरे बैठक में अपमानित किया गया और अमर्यादित शब्द से सम्बोधित किया गया। जिस संबंध में विभाग को जानकारी देने के पश्चात शिक्षा विभाग की टीम एवं थाना पटेवा की टीम ने विवेचना के पश्चात 13 सितंबर 2025 को द्वारका प्रसाद चंद्राकर के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज की। परंतु, आज मामला दर्ज होने के 25 दिन के बाद में भी आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी न होने और न ही उन शिक्षक के ऊपर विभागीय कार्रवाई होने से समाज नाराज होकर अजाक थाना का घेराव करने को बाध्य हुआ है। समाज ने पूर्व में जिला कलेक्टर, एसपी कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, अजाक थाना प्रभारी एवं पटेवा थाना प्रभारी को पत्र देकर उक्त शिक्षक के ऊपर कार्रवाई की मांग भी की थी। परंतु, आरोपी प्रभारी प्राचार्य के ऊपर अभी तक किसी भी प्रकार से कार्रवाई ना होना कहीं ना कहीं आरोपी को शासन प्रशासन का संरक्षण प्राप्त होना प्रदर्शित कर रहा है। समाज प्रमुखों ने आगे बताया कि अजाक थाना का घेराव पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण तरीके से संवैधानिक दायरे में रहकर किया जाएगा और साथ ही साथ समाज प्रमुखों ने जिले भर के सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हक अधिकार की इस लड़ाई में पीड़ित शिक्षिका को न्याय दिलाने के लिए उपस्थित होने की अपील की है।

# एआईसीसी को भेजे जाएंगे 6 नाम, इनसे एक के नाम पर लगेगी जिलाध्यक्ष की मुहर

## युवाओं और संगठन से दूर कांग्रेस विचारधारा के लोगों को मौका देने के फार्मूले पर होगी संगठन में नई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नए सिरे से कांग्रेस को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने संगठन सृजन अभियान के तहत गुरुवार को जिलाध्यक्ष पद के लिए तय पर्यवेक्षक मंडावा (राजस्थान) की विधायक रीटा चौधरी जिला मुख्यालय पहुंची। उन्होनें बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मिलने वाले लोगों से उन्हें जानकारी मिली कि कांग्रेस विचारधारा के लोग संगठन से दूर हैं और उन्हें मौका देने गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड के बाद अब छत्तीसगढ़ में पदाधिकारियों के इस चयन प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता के दौरान सुश्री रीटा चौधरी ने बताया कि इस प्रक्रिया से कांग्रेस को जमीनी मजबूती मिलेगी और संगठन में सभी को मौका मिलेगा। उन्होनें बताया कि 6 नाम भेजे जाएंगे। जिसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार किसी एक को जिलाध्यक्ष घोषित किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया जारी है। वे 13 अक्टूबर तक ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी। इसके अलावा समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, वरिष्ठ पत्रकारों, डॉक्टरों, वकीलों और उद्यमियों से राय मशविरा कर महासमुंद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के 6 नाम का पैनल हाईकमान को देंगी।

उन्होंने कहा कि देश में अब युवा नेतृत्व की जरूरत है और इसी को ध्यान में रखते हुए नई लीडरशिप तैयार की जा रही है।

### यह रहे मौजूद

प्रेस वार्ता के दौरान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व मंत्री रुद्र गुरू, विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, आलोक चंद्राकर मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## पत्नी के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में खल्लारी थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। खल्लारी पुलिस को प्रार्थिया गायत्री साहू निवासी बताया कि वह ग्राम खुड़ियाडीह थाना फिंगेश्वर में रहती है। उसका विवाह 28.02.2024 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ ग्राम कोकनाझर थाना खल्लारी के फलेश कुमार पिता ओमप्रकाश साहू के साथ हुआ था। शादी के 15-20 दिनों बाद मारपीट करने लगा, जिस पर उसके माता-पिता एवं गांव वालों के समक्ष बैठक समझाये थे। प्रार्थिया ने बताया कि वह अधिकतर अपने पति के साथ सेजबहार रायपुर में रहती है। उसका पति पेशे से ड्रायवर है। नवरात्रि के समय अपने ससुराल ग्राम कोकनाझर पति फलेश के साथ आई हुई थी। 6 अक्टूबर को उसके पति ने नशे की हालत में गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## सूने घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**महासमुंद।** ग्राम गिरसा के एक मकान से सोने-चांदी के आभूषण चोरी के मामले में सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भरतलाल पटेल निवासी ग्राम गिरसा ने बताया कि उसके माता-पिता पुराने घर में रहते हैं और करीब एक किलोमीटर दूर नए घर में अपनी पत्नी के साथ रहता है। प्रार्थी ने अपनी पत्नी के सोने-चांदी के जेवरात को पुराने घर की आलमारी में रखा था, जहां उसके माता पिता रहते हैं। 1 अक्टूबर की शाम 7 बजे गांव में रामायण का कार्यक्रम देखने चले गये। जब उसके माता-पिता रामायण कार्यक्रम देखने के बाद लगभग रात 1 बजे पुराने घर पहुंचे तो देखा कि कमरे के अंदर में रखे आलमारी का ताला खुला हुआ था। प्रार्थी ने पुराने घर पहुंचकर देखा कि सामान इधर उधर बिखरा हुआ था, आलमारी में रखे एक नग सोने का लगभग 20-25 वर्ष पुराना इस्तेमाली चंपा काड़ी माला वजन लगभग 3 तोला कीमत 25000 रुपए, एक जोड़ी पुरानी इस्तेमाली सोने का टॉप वजन 3 ग्राम कीमत 8000 रुपए, एक जोड़ी चांदी की पायल कीमत 15000 रुपए, नकदी रकम 8000 रुपए कुल 56000 रुपए नहीं थे।

# घर से स्कूल तक खतराः स्कूल भवन, कंडम, खटारा वाहन में बच्चे, न हेल्पर न नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

जिले के सरायपाली ब्लॉक अंतर्गत गोहरापाली गांव में संचालित आनंद कुंज इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों की पढ़ाई ऐसे भवन में चल रही है, जो खुद जर्जर अवस्था में है, और बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए जिस वाहन का उपयोग किया जा रहा है, उसे देखकर किसी भी अभिभावक के मन में डर बैठ जाए।

गोहेरापाली स्थित यह निजी स्कूल पुराने भवन को मरम्मत कर संचालित किया जा रहा है। भवन की दीवारें कमजोर हैं, छत पर सीमेंट की चादरें बिछाई गई हैं, और लकड़ी के पुराने सहारों से ढांचा किसी तरह टिकाए रखा गया है। एक ओर का दरवाजा पूरी तरह टूट चुका है, जिसे जुगाड़ कर किसी तरह लगाया गया है। बारिश के दिनों में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

जानकारी के अनुसार स्कूल में लगभग 54 बच्चे पढ़ते हैं। इनमें से 20 से अधिक बच्चे रोजाना एक मिनी वाहन से स्कूल आते-जाते हैं। लेकिन यह वाहन किसी मानक




स्कूल बस जैसा नहीं है। वाहन पर न तो नंबर प्लेट लगी है, न ही कोई स्कूल बस का संकेत बोर्ड। अंदर न तो बच्चों के बैठने की सुरक्षित व्यवस्था है, न ही कोई हेल्पर या अटेंडर मौजूद रहता है। बच्चे खुद अपने बैग ऊपर चढ़ाकर रखते हैं और उतरते समय खुद ही संभलते हैं। यह दृश्य किसी कबाड़ी वाहन जैसा प्रतीत होता है। मिनी बस के संचालक द्वारा मॉडिफाई करवाई गई है। ताकि, उसमें अधिक बच्चों को ठूंसा जा सके। बच्चों को अक्सर तंग जगह में बैठाया जाता है। न कोई सीट बेल्ट, न दरवाजे पर लॉक सिस्टम, दुर्घटना की स्थिति में परिणाम भयावह हो सकते हैं। इस पूरे मामले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग ऐसे स्कूलों और वाहनों को कैसे अनुमति दे देते हैं? या फिर यह सब बिना जानकारी के चल रहा है? यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो किसी दिन एक बड़ी दुर्घटना इस लापरवाही की गवाही दे सकती है।

इस मामले में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी टीकम चंद पटेल ने कहा कि मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा। उसके बाद ही कुछ कह सकता हूं।

**आयोजन : विखं के विजयी प्रतिभागी 13 को जिला स्तर पर आयोजित स्पर्धा में होंगे शामिल**

# बाल वैज्ञानिकों ने विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार एससीईआरटी रायपुर के आदेशानुसार राष्ट्रीय/राज्य बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका, विज्ञान सेमिनार, विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान क्लब की उपलब्धियों का प्रदर्शन, विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, जिला नोडल अधिकारी जगदीश सिन्हा, बीईओ लक्ष्मी डडसेना के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

पिथौरा अनुभाग के एसडीओ पुलिस अजीत ओगरे ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए नवाचारी गतिविधियों में सक्रियता बढ़ाने आवश्यक मार्गदर्शन किया। साथ ही इस अवसर पर छात्र जीवन में राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल के लिए चयनित एसडीओ पुलिस ने अपने अनुभव साझा करते हुए बाल वैज्ञानिकों को कौशल विकसित करने, कुछ नया सोचने तथा सोच को समाज के लिए उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित किया तथा विभिन्न मॉडलों का सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन दिया। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सोच एक वैज्ञानिक की तरह होनी चाहिए। हर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए। हर समस्या के पीछे



कोई न कोई कारण होता है उसे अध्ययन कर सूक्ष्मता से हल करने का प्रयास करना चाहिए। विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शनी में सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक केमिकल, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकिया, मनोरंजक गणितीय मॉडल, स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा जल संरक्षण व प्रबंधन उपकथानकों पर आधारित मॉडल आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। सांपों से किसान की सुरक्षा हेतु बनाया गया मॉडल, वायरलेस तरीके से घर के बिजली उपकरणों पर नियंत्रण, ताप द्वारा विद्युत उत्पादन और रोबोटिक मॉडलों के द्वारा विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में निर्णायक एवं विकासखंड नोडल विवेक वर्मा व्याख्याता भौतिकी, उत्तम कुमार प्रधान व्याख्याता किशनपुर तथा मेदनी पटेल व्याख्याता गड़बेड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नोडल प्राचार्य नंदकुमार चौधरी ने कार्यक्रम पर अपने विचार रखें। समस्त प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों एवं मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिकाओं को उनकी विशिष्ट भूमिका के लिए सराहना करते हुए आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड नोडल विवेक वर्मा ने किया।

### जिला स्तरीय 13 को

चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय स्पर्धा महासमुंद में 13 अक्टूबर को शामिल होंगे। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक संपा बोस, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य अमृतलाल पटेल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, विद्यालय के व्याख्याता गुणमणि साहू, विजय कुमार बरिहा, लोकनाथ पटेल, विजय कुमार सिंहा, लखपति पटेल, शिक्षक चंदेल, गौरव चंद्राकर मौजूद रहे।

### विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

उपकथानक सतत कृषि के अंतर्गत दीपिका साहू कन्या शाला पिथौरा प्रथम, डिंपल डडसेना रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा द्वितीय, काम्या साहू, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीथीडीह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प के अंतर्गत डिंपल सिंहा कन्या शाला पिथौरा को प्रथम, पारुल रात्रे कन्या शाला पिथौरा द्वितीय तथा हर्ष पटेल, राम दर्शन स्कूल जंघोरा को तृतीय स्थान मिला। हरित ऊर्जा के अंतर्गत पुष्पेंद्र साहू, हायर सेकेंडरी स्कूल भीथीडीह को प्रथम, वंदना पंडा, राम दर्शन स्कूल जंघोरा को द्वितीय तथा शुभम यादव पीएमश्री स्कूल पिथौरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां अंतर्गत जागृति सिन्हा, कन्या शाला पिथौरा को प्रथम, सृष्टि यद्दु, पीएमश्री स्कूल पिथौरा को द्वितीय तथा तनीषा घृतलहरे कन्या शाला पिथौरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मनोरंजन गणितीय मॉडलिंग के अंतर्गत कुमारी वैष्णवी तिवारी कन्या शाला पिथौरा को प्रथम, खुशी साहू मिडिल स्कूल टेका को द्वितीय तथा कुमारी मोनिका साहू राम दर्शन स्कूल जंघोरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य और स्वच्छता के अंतर्गत कुमारी आस्था प्रधान कन्या शाला पिथौरा को प्रथम तथा भावना बंजारा राम दर्शन स्कूल जांघोरा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। उपकथानक जल संरक्षण और प्रबंधन के अंतर्गत कुमारी युनिता सिंहा, कन्या शाला पिथौरा को प्रथम, अनिता सिंहा हायर सेकेंडरी स्कूल भीथीडीह को द्वितीय तथा कुमारी जानवी रात्रे, राम दर्शन स्कूल जंघोरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दिव्यांग विद्यार्थी कुमारी लोकेश्वरी साहू कन्या शाला पिथौरा शिशु झूला में प्रथम स्थान प्राप्त की। प्रश्न मंच में कन्या शाला पिथौरा के दो प्रतिभागी मेघा साहू व मीरा साहू ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्कूल सोनसिल्ली के तनीषा यादव और खुशबू साहू को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## संजय आप लोकसभा रायपुर के प्रभारी नियुक्त

**महामसुंद।** आम आदमी पार्टी के



नेता प्रभारी डॉ संदीप पाठक राज्यसभा सांसद तथा प्रभारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार मुकेश अहलावत विधायक दिल्ली तथा सह प्रभारी दिल्ली के मार्गदर्शन में संगठन विस्तार के तहत महासमुंद के संजय यादव को रायपुर लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि संजय महासमुंद में आम आदमी पार्टी के शुरुआती समय से जुड़े हुए हैं। संजय यादव पार्टी के विभिन्न पदों में रहते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने में अपनी योगदन दिया है। वे आम आदमी पार्टी महासमुंद के दो बार विधायक प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके है। अभी वर्तमान में प्रदेश संयुक्त सचिव के साथ साथ रायपुर लोकसभा के प्रभारी बनाया गया है। महासमुंद जिला टीम की ओर से जिला अध्यक्ष राकेश झाबक एवं महासमुंद जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

## नगर में आज पहुंचेगी जागृति यात्रा

**महासमुंद।** श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित जागृति यात्रा आज शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचेगी। यह यात्रा 10 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे राजिम मोड़ आएगी। जहां से गुरु रामदास द्वार तक भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। पश्चात गुरुद्वारा साहिब तक नगर कीर्तन होगा। गुरुद्वारा कमेटी ने सभी साध संगत से लोहिया चौक स्थित गुरु रामदास द्वार पर उपस्थित होने की अपील की है।

# हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्ष पर निकली शहीदी यात्रा का झलप में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

हिंद की चादर के नाम से विख्यात सिख धर्म के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहादत वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही राज्यस्तरीय शहीदी यात्रा का गुरुवार की शाम झलप में भव्य स्वागत किया गया। झलप के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। "गुरु तेग बहादुर अमर रहें" और "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह" के जयघोषों से पूरा नगर गूंज उठा।

गुरुद्वारा साहिब झलप में सिक्ख समाज के पदाधिकारियों, श्रद्धालुजनों व नगर के गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शहीदी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के आगमन पर कीर्तन दरबार, अरदास, अमृत संचार व शबद कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु तेग बहादुर साहिब को नमन करते हुए उनके अद्वितीय बलिदान को स्मरण किया।



गौरतलब है कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जिसके कारण उन्हें "हिंद की चादर" के नाम से जाना जाता है। उनके बलिदान को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा यह ऐतिहासिक शहीदी यात्रा 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जो रायपुर से प्रारंभ होकर प्रदेश के सभी प्रमुख नगरों व ग्रामों से होते हुए पुनः रायपुर में संपन्न होगी।

यात्रा के झलप आगमन पर नगर में गगनभेदी नारों के बीच सुसज्जित रथ पर गुरु तेग बहादुर साहिब का पवित्र स्वरूप विराजमान था। श्रद्धालु समाज के लोगों ने गुरु की जयकारों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा में शामिल पंज प्यारे पारंपरिक वेशभूषा में गुरु के संदेश "धर्म की रक्षा हेतु प्राण न्योछावर करना ही सच्ची सेवा है" को जीवंत कर रहे थे।

इस अवसर पर सिख समाज झलप, गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, सिंह सभा झलप एवं अनेक सामाजिक संगठनों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं और युवाओं ने भी विशेष रूप से भाग लेकर गुरु के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सिख समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि यह यात्रा केवल स्मृति नहीं, बल्कि मानवता, एकता और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। गुरु तेग बहादुर साहिब का बलिदान आज भी सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# पालिका में नए उपअभियंता ने की उपाध्यक्ष व पार्षदों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका कार्यालय में उपाध्यक्ष कक्ष में देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष एवं पार्षदों से नए उप अभियंता हेमंत पिसदा ने भेंट मुलाकात की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल, पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, भाउराम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, सीता डोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, मनीष शर्मा, भारती राजू चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी ने भी इंजीनियर से चर्चा की। नव पदस्थ अभियंता को नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि इंजीनियर की कमी को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 2 इंजीनियर की मांग छग शासन को भेजी थी। नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने 2 इंजीनियर पालिका को दिए है। 1 इंजीनियर से काम समय पर नहीं हो पा रहा था। अब 2 उप अभियंता



आने से दोनों इंजीनियर को 15-15 वार्ड बांटने में काम में आसानी होगी। देवीचंद ने नए आए इंजीनियर हेमंत पिसदा को कहा कि सरकार ने पालिका से 5 वर्षों के विकास कार्य कराने का सीडीपी मंगाया है, जिसे भेजा जा चुका है। उसकी समीक्षा करें तथा वार्डों में पार्षदों के अनुसार विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। उन्हें यह भी कहा गया कि अगर कोई पार्षद आपके यहां विकास कार्यो या अन्य जानकारी के लिए आए तो उन्हें बराबर सम्मान एवं प्रोटोकाल का पालन करें। वार्डो में चल रहे सीसी रोड नाली निर्माण कार्यो का निरीक्षण स्थल पर जाकर करें तथा अगर कोई ठेकेदार काम में लापरवाही बरते तब की स्थिति में कार्यवाही भी की जाए। निर्माण कार्यों में पानी की तराई होनी चाहिए, जो नही दिखती है। ऐसे ठेकेदारों को नोटिस दिया जाये तथा पानी की क्यूरिंग बराबर हो इसको सुनिश्चित करें।

# प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन सासंद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। विजेता खिलाड़ियों को सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा कप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त कोच एवं प्रतियोगिता में भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग ने ओवर ऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। द्वितीय स्थान रायपुर संभाग को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के जिलाअध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैण्डबाल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद थे।

समापन अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को टीम भावना के साथ खेलने और प्रतियोगिता से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनती है। क्योंकि, खेल केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी हमें सशक्त बनाते हैं। आप सभी ने अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में आप में से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें पूरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 50 हजार खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है। प्रारंभिक दौर में क्लस्टर लेवल खेल से प्रतियोगिता का शुभारम्भ होगा। उन्होंने इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा मैदान पर खेलते देखना सुखद होता है। खेल का मैदान भी एक तरह की पाठशाला है। यहां हार और जीत से ज्यादा आवश्यक मैदान में उतरकर खेलना है। ये आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाते है। आप सभी ने खेल भावना, जोश और उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिए और अनुशासन भी बनाए रखा यह वास्तव में एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान है।

जिला हैंडबाल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि राज्य स्तरीय शालेय हैंडबाल प्रतियोगिता केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी ने यह साबित किया है कि समर्पण, मेहनत और टीम स्पिरिट के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मैं विशेष रूप से उन खिलाड़ियों की सराहना करता हूँ, जिन्होंने कठिन परिश्रम कर यहां तक का सफर तय किया। विजेता टीमें निश्चित ही बधाई की पात्र हैं, लेकिन असली विजेता वे सभी खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। क्योंकि खेल का असली अर्थ जीत या हार में नहीं, बल्कि खेल भावना में छिपा होता है। उन्होंने आयोजन समिति, शिक्षकों, निर्णायकों और सभी सहयोगियों को आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई दी।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आने वाले वर्षों में राज्य और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिभा का मंच नहीं, बल्कि यह हमारी युवा पीढ़ी में टीमवर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना विकसित करने का माध्यम भी है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 5 जोन से 320 खिलाड़ी शामिल हुए। इन खिलाड़ियों के ठहरने के लिए 6 स्थानों पर आवास की उचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही खिलाड़ियों को आवास से खेल मैदान तक लाने ले जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी कोच, खिलाड़ियों एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद महेंद्र सिक्का, मीना वर्मा, आनंद साहू, राकेश चंद्राकर, हनीश बग्गा, मुन्ना साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक सतीश नायर, एनके सिन्हा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद थे।

**प्रतियोगिता का अंतिम परिणामः** कबड्डी 19 वर्ष बालक वर्ग में विजेता बिलासपुर, उपविजेता दुर्ग, तृतीय रायपुर व बालिका वर्ग में विजेता बिलासपुर, उप विजेता दुर्ग एवं तृतीय बस्तर रहा। इसी प्रकार हैंडबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में विजेता रायपुर, उप विजेता बस्तर एवं तृतीय स्थान दुर्ग जोन ने हासिल किया तथा रग्बी 17 वर्ष बालक वर्ग में विजेता बिलासपुर, उप विजेता बस्तर व तृतीय रायपुर एवं बालिका वर्ग में विजेता बिलासपुर, उप विजेता बस्तर एवं तृतीय स्थान दुर्ग का रहा।

विदित है कि 06 से 09 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा सहित कुल 5 जोन से कुल 320 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में कुल 03 खेल शामिल किए गए थे। जिसमें कबड्डी में 19 वर्ष बालक/बालिका, हैंडबाल में 17 वर्ष बालक एवं रग्बी में 17 वर्ष बालक/बालिका कुल 200 बालक एवं 120 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में हुआ प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन एवं विकास विषय पर एक प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच दिवसीय होगा। जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में 25 से 30 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रमुख विषय प्रशिक्षण एवं विकास का परिचय, आवश्यकताएं, लाभ, उद्देश्य एवं अवसर, कैरियर नियोजन एवं कैरियर विकास, प्रेरणा, मानव संसाधन प्रबंधन के चार चरण, मानव संसाधनों के प्रकार, मानव संसाधन की भूमिकाएं, नौकरियों का पूर्ण विवरण, आय के अवसर, रणनीतिक प्रबंधन औद्योगिक ज्ञान प्रबंधन इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों में मानव संसाधन प्रबंधन की समझ, संगठनात्मक दक्षता, तथा प्रबंधकीय क्षमता को सुदृढ़ करना है।

**खबर संक्षेप**



### राज्य स्तरीय कबड्डी महिला प्रतियोगिता में आकांक्षा का चयन

**बसना।** सेक्टर स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार में पिछले 26 सितंबर को किया गया। जिसमें स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना के छात्राओं की टीम ने भी इस कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया था। बसना महाविद्यालय की बीए अंतिम वर्ष की छात्रा आकांक्षा भोई का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार साव, क्रीड़ा प्रभारी विजय कठाने, सभी सहायक प्राध्यापकों सहित कार्यालयीन स्टाफ ने आकांक्षा के चयन पर हर्ष जताया है। राज्य स्तरीय कबड्डी (महिला) खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय दू. ब. कन्या महाविद्यालय रायपुर में होगा। जिसमें से चयनित खिलाड़ी रायपुर जाएंगे।

### रंग छत्तीसा कार्यक्रम कोमाखान में आज

**कोमाखान।** कोमाखान में 10 अक्टूबर को साप्ताहिक बाजार स्थल पर विराट एवं दिव्या तिवारी कृत लोक कला मंच राजनांदगांव का रंग छत्तीसा का आयोजन रखा गया है। इस संबंध के सदस्यों में नितिन जैन, पंकज जैन, गोलू जैन, समीर खान, देवेज्ञ चंद्राकर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम दशहरा एवं शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है, जो रात्रि 8.30 बजे से प्रारंभ होगा।

# गौठानों को बंद करने का परिणाम है जामपाली की घटना : विनोद

## भाजपा ने गौठानों को बंद कर मवेशियों को सड़क पर बैठने किया मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाइवे में पिथौरा के समीप ग्राम जामपाली में मवेशियों के कारण घटित दुर्घटना में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे भाजपा सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक गौठानों को बंद करने का परिणाम बताते हुए कहा कि आज गौठान बंद होने से नेशनल हाइवे सहित शहर से लेकर गांवों के सड़कों में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं।



चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में गौवंश बदहाल है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना को बंद कर पशुओं को सड़क पर छोड़ दिया गया है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाओं में गौवंशों की मृत्यु तथा राहगीरों के साथ अप्रिय घटनाएं घटित हो रही है। एक तरफ किसान घुमंतु पशुओं से परेशान हैं, वहीं जिला मुख्यालय के सड़कों पर मवेशी जगह-जगह झुंड में बैठे रहते हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय गौठानों में गाय, बैलों को रखकर उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था की जाती थी। गाय के गोबर से गौठान संचालन समिति के लिए आय का जरिया बना था। लेकिन, भाजपा ने पूरी व्यवस्था बिगाड़ कर गौ वंशों को सड़क पर छोड़ दिया है।

भाजपा की साय सरकार ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में 10 हजार से अधिक गोठान बनाए। जिसमें से लगभग 8 हज़ार गोठान आत्मनिर्भर बन चुके थे। गौठान समिति और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा चलाई जाने वाली योजना को संचालित करने में भाजपा सरकार नाकाम रही। अपने घोषणानुसार अब तक भाजपा की सरकार गौ अभ्यारण भी नहीं बना पाई। सड़कों में घूम रहे मवेशियों के कारण कभी गौ वंश तो कभी आम जनता को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है।

# वार्ड 22 में विधायक व नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर के वार्ड क्रमांक 22 के सोसायटी गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपाध्यक्ष व पार्षदों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से इस गली में सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक सिन्हा ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। शहर सहित पूरे विधान सभा में आम नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर के विकास के लिए हमारा प्रयास जारी है। हर वार्ड, हर गली में बेहतर आवागमन के लिए हमारा प्रयास सतत जारी रहेगा। भूमिपूजन अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षदगण मुस्ताक खान, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवडे, भाऊ राम साहू, पवन पटेल, पीयूष साहू, माखन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, हरबंश सिंह ढिल्लो व वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शासकीय उमावि मेमरा में हुआ सोशल ऑडिट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेमरा पिथौरा (महासमुंद) में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम हुआ। इस बीच सोशल ऑडिट करने के लिए नियुक्त अधिकारी युधिष्ठिर साहू प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारभाठा द्वारा सोशल ऑडिट के कार्य को कराया गया।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता पखवाड़ा के तहत पूरे छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय विद्यालयों में कराया जा रहा है। शासन द्वारा जो प्रपत्र तैयार किया गया है जिसमें 20 प्रश्नों का संकलन है और इसके माध्यम से ही बच्चों को, उपस्थित जनप्रतिधियों को, शिक्षकों को प्रश्न पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेमरा में भी कार्य हुआ। सर्व प्रथम नियुक्त अधिकारी का शाला परिवार की ओर से उपस्थित जनप्रतिधियों की ओर से स्वागत किया गया। तत्पश्चात क्रमवार प्रश्न पूछा गया। जिसमें बच्चों के साथ साथ जनप्रतिनिधिगण काफी रुचि दिखाए और शासन के इस योजना का प्रशंसा किए। सोशल ऑडिट के महत्वपूर्ण कार्य को कराने बड़ी संख्या में बच्चों के साथ साथ जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत मेमरा के सरपंच प्रतिनिधि जस कुमार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश साव, पंच उपेंद्र यादव, पंच स्वरूप, सांसद प्रतिनिधि फागुलाल पटेल, पूर्व अध्यक्ष अर्नेस्ट गार्डिया, मानस बारीक, अध्यक्ष नवीन, जितेंद्र निषाद आदि मौजूद रहे।



### मामाभांचा में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा, अमृत रुपी खीर का किया वितरण

**महासमुंद।** ग्राम मामा भांचा में जय मां दुर्गा समिति द्वारा शरद पूर्णिमा बड़ी हर्षोल्लास पूर्वक से मनाया गया। समिति द्वारा बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य कर समा बांधा। वहीं सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन राशि दिया गया। नवरात्र में जस गीत सेविकाओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उपरांत शरद पूर्णिमा का अमृत रुपी शीतल खीर एवं हलवा प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के सरंक्षक कोमल महानंद, हरक कन्नौजे, अध्यक्ष डिगेश्वर साहू, मनोज गिरि, टिकेश साहू, अरुण साहू, खिलेश्वर साहू, घनश्याम साहू, कार्यकर्तागण सतीश साहू, शुभम साहू, हिमांशु साहू, जीतेश साहू, कृष्णा यादव, देवेश कन्नौजे, साहिल सागर, हेमांशु यादव, जगबाई यादव, कांति साहू, तारणी गोस्वामी, भामिनी सूर्यवंशी, दामिनी साहू, पानबाई साहू, विमला महानंद, नमिता कन्नौजे, तनुजा साहू, प्रियांशी साहू, रेश्मा साहू, सेजल, नीलम महानंद, दुर्गा साहू, चांदसी यादव, सिमरन ध्रुव, काव्या गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# धान खरीदी के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान 31 तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

> ■ ग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर कर सकते हैं

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है। एग्रीस्टैक पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित एक यूनिफाइड एग्रीकल्चर डेटाबेस है, जिसमें किसानों का भूमि एवं आधार लिंक्ड पंजीयन किया जाता है। पंजीकरण उपरांत किसानों को एक यूनिक फार्मर आईडी प्राप्त होती है। यह आधार लिंक्ड डेटाबेस शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ केवल वास्तविक पात्र किसानों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत किसानों को सीधे भुगतान किया जाता है। अतः शासन की मंशा है कि सभी पात्र किसान सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ इस योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त करें। एग्रीस्टैक में आधार-आधारित पंजीयन और ई-केवाईसी की व्यवस्था से संपूर्ण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता, सटीकता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा। एग्रीस्टैक पोर्टल डिजिटल क्रांति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सटीक और किसान हितैषी बनाएगा। एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-1030 पर संपर्क किया जा सकता है। जो किसान अभी तक पंजीयन नहीं कर पाए हैं वे अपने निकटतम सहकारी समिति या निर्धारित केंद्र में जाकर 31 अक्टूबर 2025 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## जेल में लगा शिविर, हुआ स्वैच्छिक रक्तदान




**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव वर्ष 2025-26 पर जिला जेल में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जेल मुख्यालय के निर्देशन में जेल अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा के आग्रह पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में शिविर में डॉ.ओम प्रकाश, डॉ प्रतिति पांडे इंटर्न चिकित्सक, ओमप्रकाश पटेल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, कुसुम साहू स्टॉफ नर्स, सुनील साहू, देव कुमार काउंसिलर का सहयोग रहा। रक्तदान शिविर में जेल में पदस्थ मुकेश प्रसाद कुशवाहा सहायक जेल अधीक्षक, डॉ. महेंद्र चौधरी चिकित्साधिकारी, लक्ष्मीनारायण सारंग प्रहरी, श्रवण कुमार साहू प्रहरी, प्रवीण कुमार रातड़े प्रहरी, अनिल कुशवाहा प्रहरी, संतुराम बघेल प्रहरी, तोषण लाल कुर्रे प्रहरी, अजीत खांडेकर सफाई कर्मचारी कुल 09 अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

# ई-ऑफिस से डिजिटल सुशासन की ओर कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया क्रांति और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन एवं पारदर्शिता के संकल्प की दिशा में जिला प्रशासन तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप ई-ऑफिस प्रणाली अब जिले के लगभग सभी विभागों में गति पकड़ चुकी है। परंपरागत कागज़ी फाइलों की जगह अब अधिकांश कार्य ऑनलाइन ई-ऑफिस माध्यम से किए जा रहे हैं। जिले में 1366 अधिकारी-कर्मचारियों का ई-ऑफिस के लिए ऑनबोर्डिंग कर लिया गया है। अभी तक कार्यालय द्वारा ई-ऑफिस पत्राचार के माध्यम से लगभग 2 हजार से अधिक फाइल मूवमेंट हुआ है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय का अधिकांश कामकाज अब ई-ऑफिस प्रणाली से संचालित हो रहा है। उन्होंने हाल ही में आयोजित विभागीय बैठकों में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी शासकीय पत्राचार, रूटीन फाइलें और वित्तीय स्वीकृतियाँ अब ई-ऑफिस पर ही तैयार और प्रेषित की जाएं। यहां तक कि छोटी-छोटी नोट शीट्स भी अब डिजिटल माध्यम पर ही दर्ज की जा रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि



प्रशासनिक कार्य संस्कृति में सुधार का प्रतीक है। इससे न केवल फाइल मूवमेंट तेज़ होगा, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। ई-ऑफिस प्रणाली से अब फाइलों की ऑनलाइन ट्रैकिंग संभव हो गई है। इससे यह स्पष्ट रहेगा कि फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है और कितने समय से। कलेक्टर लंगेह का कहना है कि ई-ऑफिस शासन की पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था का आधार है अब अनावश्यक विलंब नहीं होगा और कार्य की समय-सीमा स्वतः तय होगी। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में समीक्षा कर सभी विभागों से समरी रिपोर्ट ली जाती है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि अब तक कितनी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से प्राप्त हुई हैं और किस विभाग में इसका अधिकतम क्रियान्वयन हुआ है।

ई-ऑफिस के सुचारु संचालन के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी फाइल निर्माण, नोटशीट लेखन और दस्तावेज़ अपलोडिंग की प्रक्रिया में दक्ष हो चुके हैं। यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो तुरंत एनआईसी और तकनीकी टीम के सहयोग से उसका समाधान किया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तीन बार प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं। शासन की मंशा है कि भविष्य में संपूर्ण पत्राचार केवल ई-ऑफिस माध्यम से किया जाए। यह कदम परंपरागत कार्यशैली से हटकर डिजिटल, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इससे समय की बचत, कार्यों में तेजी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है। अब तक जिले के सभी विभागों के ई-ऑफिस आईडी बन चुके हैं और इनके माध्यम से निरंतर पत्राचार किया जा रहा है।

# ग्राम एक्शन प्लान व्यवहारिक और क्रियान्वयन योग्य हो: कलेक्टर

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम एक्शन प्लान की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम का एक्शन प्लान 11 बिंदुओं पर आधारित हो तथा उसमें समस्याएं और उनके समाधान व्यवहारिक रूप से शामिल किए जाएं। उन्होंने कहा कि योजनाएं बनाते समय आगामी वर्ष 2030 तक की स्थिति को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो सके।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और अंतर्विभागीय चर्चा के साथ अपने-अपने सुझाव शामिल करें। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि ग्राम एक्शन प्लान केवल सैद्धांतिक न होकर जमीनी हकीकत से जुड़ा हो और उसका वास्तविक क्रियान्वयन संभव हो। उन्होंने बताया कि जिले के 308 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए वर्ष 2030 तक की रूपरेखा तैयार की जा रही है। ग्राम एक्शन प्लान तैयार होने के उपरांत अब जिला एक्शन प्लान भी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान शासन की प्राथमिकता का हिस्सा है और इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में स्थायी विकास के लिए योजनाबद्ध प्रयास सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं के प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से कार्य करें, ताकि 2030 तक अभियान के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि 14 अक्टूबर तक सभी ग्राम सभाओं में ग्राम एक्शन प्लान का अनुमोदन पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आगामी स्तर की कार्ययोजना समय पर तैयार हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि ग्राम एक्शन प्लान को अंतिम रूप देते हुए योजनाओं की आवश्यकता और प्राथमिकता को भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय पर भी जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, डीईओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस), कौशल विकास तथा समाज कल्याण विभाग, खाद्य विभाग एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकार की पहल से बेटियां बनी आत्मनिर्भर अंकोरी में प्रकाश ने किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंकोरी में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य यज्ञराम सिदार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अंकोरी के सरपंच मिश्रा दीप, विनोद शंकर विशाल (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), पत्रकार आरके दास, पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र डड़सेना, भाजपा नेता हीरालाल साव तथा शाला की स्थाई सदस्य भूमिसुता प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सिन्हा ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा "सरकार की यह योजना बेटियों को शिक्षा की राह में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का एक मजबूत कदम है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि उनके सपनों की सवारी है, जो उन्हें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।" उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा इस अवसर का पूरा लाभ उठाए और अपने परिश्रम से जीवन में नई दिशा स्थापित करें। कार्यक्रम में शिक्षक संतलाल डड़सेना, लालता प्रसाद डड़सेना, मधुमंगल बारीक, उमाशंकर भोई, हीराधर राणा, विजयकुमार कौशिक, जगतारण जांगड़े, जयंत वर्मा, आकाश डड़सेना, नीलिमा साहू मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय डाक दिवस पर सपोस में डाक चौपाल का आयोजन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** उपडाकघर सांकरा अंतर्गत सपोस डाकघर में राष्ट्रीय डाक दिवस पर डाक चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर सरायपाली रवि साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डाक विभाग के गौरवशाली इतिहास, इसके वर्तमान स्वरूप और ग्रामीण अंचलों में इसकी महत्ता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों को डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न बचत योजनाओं, बीमा योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डाकघर सपोस द्वारा उल्लेखनीय



उपलब्धियां हासिल की गईं। पीओएसबी के 135 खाते खोले गए। आरपीएलआई बीमा में 20 लाख का व्यवसाय प्राप्त हुआ। 30,100 रुपये का प्रीमियम संग्रहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएल पाइक, उपडाकपाल सांकरा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा तथा किशोर चंद बघेल, सरपंच सपोस उपस्थित रहे। इस मौके पर बबीता किशोर बघेल (पूर्व सरपंच सपोस), सेवा चौहान (पंच), कुसुमलता कोसरिया (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सपोस), नरेंद्र चौहान (बीपीएम सपोस), ठाकुर सिंह डडसेना (रिकोकला) सहित सांकरा उपडाकघर अंतर्गत सभी बीपीएम, एबीपीएम तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में मनाया गया वायुसेना दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारतीय वायुसेना दिवस पर अमर वीर शहीदों के नाम से दीप प्रज्वलित कर वायुसेना दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक मायाराम साहू ने कहा कि हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय वायु सेना दिवस की स्थापना 1932 में हुई थी। भारत देश के लिए बलिदान देने वाले अमर वीर शहीदों के परिवार वालों को सम्मान करते हैं। इस वर्ष 93वां भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया।

### राजसात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया 17 को

**महासमुंद।** जिले के पुलिस थाना एवं चौकियों से आबकारी एक्ट के तहत जब्त कर राजसात किए गए वाहनों की नीलामी की जाएगी। अपर कलेक्टर ने बताया कि कुल 133 वाहन जिनमें 28 दोपहिया वाहन, 4 चारपहिया वाहन एवं 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं। उक्त वाहनों की स्क्रैप नीलामी 17 अक्टूबर 2025 को की जाएगी।

### कराते एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

**महासमुंद।** सेंसाई राजेश गंजीर की स्मृति में दो दिवसीय सातवीं राज्य स्तरीय ओपन कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता चार और पांच अक्टूबर को हुई। आमातलाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित स्वर्धा में धमतरी, रायपुर, महासमुंद, राजनादगांव, गरियाबंद, बिलासपुर, बस्तर, बेमेतरा व अन्य जिलों के लगभग 350 कराते खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें महासमुंद के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण 3 रजत और 2 कास्य पदक प्राप्त किया। कोच विकास दास वैष्णव और प्रवीण कुमार मलिक के नेतृत्व में काता तन्मय शर्मा स्वर्ण पदक, कुमिते अक्षधा चंद्राकर स्वर्ण पदक, आयान वर्मा रजत पदक, देव साहू रजत पदक, तनमय शर्मा रजत पदक, अरनव रंजन सिन्हा कास्य पदक, वेंकटेश साहू ने कास्य पदक जीता। महासमुंद जिला कराते संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे, उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिव आंनद कुमार वैष्णव, कोषाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव, भोज विश्वकर्मा, लालू सोनवानी, अभय दास ने हर्ष जताया है।

# आरएसएस कोमाखान मंडल ने मनाया विजयादशमी उत्सव, किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोमाखान मंडल द्वारा बुधवार को शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व संघ के छह मुख्य उत्सवों में से एक है और इसे संगठन के स्थापना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भव्य पथ संचलन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**अनुशासित पथ संचलन**

दोपहर 2 बजे कोमाखान मंडल के सभी स्वयंसेवक गणवेश में निर्धारित कोमाखान मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए। अनुशासन और राष्ट्रीय भावना का परिचय देते हुए स्वयंसेवकों ने इसके पश्चात घोष की धुन पर कदमताल करते हुए पथ संचलन शुरू किया। यह संचलन मंडी प्रांगण से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से गुजरा। संचलन कोमाखान बस्ती, बस स्टैंड एवं बाजार चौक जैसे प्रमुख और व्यस्त मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। स्वयंसेवकों का अनुशासित कदमताल और घोष की सुमधुर धुन नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने संचलन का स्वागत किया नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए



यह पथ संचलन सायं 4 बजे वापस कार्यक्रम स्थल मंडी प्रांगण में पहुंचा। बौद्धिक कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा पर मार्गदर्शन और प्रेरणा पथ संचलन की समाप्ति के बाद मंडी प्रांगण में एक सभा और बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को राष्ट्र और समाज सेवा के लिए प्रेरित करना था।

### मुख्य अतिथि ने सराहा संघ का अटूट समर्पण

इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त चिकित्सक अरुण शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रभावी संबोधन में स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किस प्रकार इन 100 वर्षों में अपने सेवा कार्यों को अनेक बाधाओं और सरकारों द्वारा लगाए गए कई प्रतिबंधों को सहते हुए भी अनवरत जारी रखा है। उन्होंने संघ के अडिग संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण भावना की सराहना की और स्वयंसेवकों को इस परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शैलेश अग्रवाल ( जिला बाल कार्य प्रमुख) ने कहा कि जिस प्रकार पानी की एक-एक बूंद से मिलकर विशाल समुद्र का निर्माण होता है, ठीक उसी प्रकार एक-एक व्यक्ति के प्रयास से समुद्र रूपी संघ का निर्माण हुआ है। उन्होंने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में यह पर्व अधर्म और बुराई को मिटाकर धर्म और सत्य की स्थापना करने की सदियों पुरानी परंपरा का प्रतीक है, और संघ का कार्य भी इसी परंपरा का निर्वहन करना है। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा देशभर में अनेक रूपों में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। विजयादशमी उत्सव और बौद्धिक कार्यक्रम ने कोमाखान मंडल के स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के अपने कार्यों को और अधिक मजबूती तथा समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

## चर्चा: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सर्व समाज प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर दिया आमंत्रण

# 17 को सेनानी बूढ़ान साय की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी के नेतृत्व समाज

- सर्व समाज की अगुवाई में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बूढ़ान साय की पुण्यतिथि पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

प्रमुखजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर आगामी 17 अक्टूबर को सर्व समाज की अगुवाई में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बूढ़ान साय की पुण्यतिथि पर जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम (अरंड-पिथौरा) के लिए आमंत्रण प्रदान किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने ससम्मान आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिले के समाजों के प्रमुख पदाधिकारी एवं प्रतिनिनिधयों भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत व सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष महासमुंद, मनराखन ठाकुर जिलाध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज 52 गढ़ महासमुंद, डेजी रानी नेताम अध्यक्ष महिला प्रभाग, थान सिंह दीवान कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, मोती कुमार जिला अध्यक्ष कमार समाज, कौशल नेताम अध्यक्ष भुजिया समाज जिलाध्यक्ष, भूमिका ध्रुव कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना समाज, यादराम ध्रुव जिला कोषाध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज, सुरेश मालिक अध्यक्ष संवारा समाज, प्यारे लाल खड़िया अध्यक्ष खड़िया समाज, गौतम नेताम संरक्षक राज गोंड़ समाज, तुलाराम ठाकुर राज गोंड़ जिला अध्यक्ष, राधेश्याम ध्रुव पूर्व अध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज, भुनेश्वर ध्रुव अध्यक्ष मुस्की परिक्षेत्र, जगदीश सिदार जिला अध्यक्ष गोंडवाना गोंड़ महासभा, पवन ध्रुव अध्यक्ष बड़े बार परिक्षेत्र, अध्यक्ष मदन ध्रुव अध्यक्ष कोड़िया परिक्षेत्र, सूरज ध्रुव अध्यक्ष बम्हनी परिक्षेत्र, गोपाल ध्रुव अध्यक्ष खल्लारी (अ), बलराम ध्रुव, अध्यक्ष खल्लारी (द), राम प्रसाद ध्रुव अध्यक्ष सिरपुर, ईश्वर ध्रुव अध्यक्ष कौड़ियां (4), सिरामन ध्रुव अध्यक्ष कौड़ियां परिक्षेत्र(3), पलटू राम ध्रुव अध्यक्ष कौड़ियां राज अध्यक्ष, शिवचरण ध्रुव ग्राम प्रमुख अरंड, सरोज नेताम उपाध्यक्ष महिला प्रभाग, सावित्री नेताम कोषाध्यक्ष महिला प्रभाग, सुरजोतीन ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता, ओमप्रकाश नेताम जिला संरक्षक युवा प्रभाग ध्रुव गोंड़ समाज, सुरेंद्र ठाकुर जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग ध्रुव गोंड़ समाज, ओमप्रकाश ध्रुव जिला संरक्षक युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज, पूरन सबर अध्यक्ष ब्लॉक बागबाहरा सर्व आदिवासी समाज, उदयभानु ध्रुव अध्यक्ष ब्लॉक महासमुंद सर्व आदिवासी समाज, चंद्रशेखर ध्रुव सचिव सुवरमाल परिक्षेत्र(1), कृष्णा ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता, अजय ध्रुव मीडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज, जगन्नाथ ध्रुव, पप्पू पटेल, मुरलीधर ध्रुव, शिवनारायण ठाकुर, सुनील डड़सेना, दिगंबर पटेल (सरपंच ग्राम पंचायत अरंड), डिंपल डाली ध्रुव अध्यक्ष भाजपा मंडल बागबाहरा, नीलकंठ साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल पिथौरा, ताराचंद टोपू देवांगन महामंत्री भाजपा मंडल खल्लारी, हीरा साहू महामंत्री युवा मोर्चा खल्लारी, अशोक चक्रधारी, तुकाराम चंद्राकर, बहुर देशकर आदि मौजूद रहे।



### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे बूढ़ान साय

बूढ़ान साय छत्तीसगढ़ अंचल के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत नेता थे। उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों का विरोध किया और जनजातीय समाज को संगठित कर विद्रोह की अलख जगाई। वे जंगल सत्याग्रह एवं नमक आंदोलन जैसे आंदोलनों में सक्रिय रहे और जेल भी गए। उनका संपूर्ण जीवन समाज की एकता, शिक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। बूढ़ान साय का संघर्ष आज भी समाज को नई प्रेरणा देता है। उनकी पुण्यतिथि समाज की एकता, जागरूकता और बलिदान की स्मृति का प्रतीक है।

## छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की प्रदेश स्तरीय महाबैठक 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



- धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुलाई गई बैठक, प्रदेशभर के सहकारी समिति कर्मचारी जुटेंगे

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर प्रदेशभर के लगभग 13000 सहकारी समिति कर्मचारियों से जुड़े संगठन की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक 12 अक्टूबर 2025 को रायपुर में आयोजित की जाएगी।

यह बैठक राज्य की 2058 सहकारी समितियों एवं 2739 धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुलाई गई है। जिसमें विशेषकर आगामी धान खरीदी वर्ष 2025-26 में सूखत राहत के प्रावधान व लंबित तीन सूत्रीय मांगों पर निर्णय लिया जाएगा। सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद के जिलाध्यक्ष तुला राम ध्रुव ने बताया कि वर्ष 2023-24एवं 2024-25 के धान उपार्जन में सूखत के कारण आई आर्थिक क्षति की भरपाई अब तक शासन द्वारा नहीं की गई है। जबकि, पूर्व में किए गए आंदोलन के पश्चात शासन द्वारा लिखित आश्वासन भी जारी किया गया था। परंतु, आज तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ। इस उपेक्षा के चलते राज्य की अधिकांश सहकारी समितियां वित्तीय संकट से जूझ रही है और समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रही है। बैठक में छत्तीसगढ़ के 33 जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी समय में किए जाने वाले संयुक्त आंदोलन की रणनीति, शासन से संवाद तथा आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

## सोनापुटी स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन व आवश्यक सुधार करना है। समुदाय को विद्यालय से जोड़ना है। इस दौरान बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग आदि विषयों पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी के रूप में वीणा साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बागबाहरा थे। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असवंतीन दीवान, शिक्षाविद् मोहिनी दीवान, उपसरपंच राजेंद्र साहू, पंचायत प्रतिनिधि पद्मनी राजपूत, सदस्य पंचराम पटेल, लकेश्वरी दीवान, डेरहा यादव शिक्षक ग्राम प्रमुख परानिक निराला, राजकुमार साहू, रेखू निषाद व अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ने से नाराज सरपंचों ने की बैठक, शासन से की तत्काल राशि जारी करने की मांग

**सरायपाली।** विकासखंड के पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ने से सरपंचों ने नई मंडी प्रांगण में बैठक कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। विकासखंड के 107 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पेयजल, विद्युत बिल भुगतान, भवन मरम्मत, नाली-नाली सफाई, सड़क रखरखाव जैसे अनेक मूलभूत कार्य अटके हुए हैं। सभी सरपंचों ने कहा कि चुनाव के बाद 8 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक शासन की ओर से 15वीं एवं 16वीं वित्त आयोग की राशि पंचायतों को नहीं दी गई है, जिससे पंचायतों में जरूरी काम रुक गए हैं और जनता को असुविधा हो रही है। सरपंचों ने बताया कि राशि के अभाव में न तो पेयजल व्यवस्था सुधर पा रही है और न ही पंचायतों में साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था सुचारू रूप से चल पा रही है। इसी मांग को लेकर आज सरपंचों ने जनपद पंचायत पहुंचकर जोरदार नारेबाज़ी की और ज्ञापन सौंपते हुए शासन से तत्काल राशि जारी करने की मांग की। सरपंचों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही राशि जारी नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और जिला मुख्यालय तक रैली निकालकर विरोध दर्ज कराएंगे। जनपद पंचायत में सरपंचों के इस सामूहिक प्रदर्शन से प्रशासनिक हलकों में भी हलचल मच गई है। अब देखना होगा कि शासन कब तक उनकी मांगों पर संज्ञान लेकर राशि जारी करता है।



## आज से शुरू होगा तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर में होगा। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों के जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। शिविर का उद्घाटन समारोह 10 अक्टूबर को दोपहर 11:30 बजे आयोजित होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष मोंगरा किशनलाल पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी तथा चातुरीनंद विधायक सराईपाली शामिल होंगे। दूसरे दिन 11 अक्टूबर की शाम 6:30 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद होंगे। अध्यक्षता संपत अग्रवाल विधायक बसना करेंगे। विशिष्ट अतिथि टोमन लाल साहू सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा एवं निखिलकांत साहू नपाध्यक्ष महासमुंद उपस्थित रहेंगे। समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह 12 अक्टूबर को दोपहर 01:30 बजे आयोजित होगा। मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष बीज विकास निगम छत्तीसगढ़ रहेंगे। अध्यक्षता संदीप दीवान सभापति भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुष्पा माली सरपंच ग्राम पंचायत सिरपुर एवं भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष एवं पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष,महेंद्र कुमार संरक्षक एवं मनोज पींचा संरक्षक, डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि, अनिता रावटे पूर्व सभापति एवं सदस्य, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व उपसभापति एवं सदस्य, डॉ. एमवाय मेमन सदस्य, आकाश पांडेय सदस्य, राजेश्वर खरे सदस्य, विश्वनाथ पाणिग्रही सदस्य एवं प्रवीन दीवान सदस्य शामिल होंगे। शिविर के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का संचालन विजय कुमार लहरे अध्यक्ष जूनियर रेडक्रॉस एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

# सांकरा परिक्षेत्र साहू समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा तहसील साहू समाज बसना के नेतृत्व में सांकरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक साहू समाज भवन सांकरा में सोहद्र पूर्ण माहौल में हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष पंकज साव ने की। समाज एकता संगठन और विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्य करने का गठन किया गया। जिसमें सभी पदों पर निर्वाचन हुआ। सांकरा परिक्षेत्र से निर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष कुंजराम साव (निर्वाचित), उपाध्यक्ष गोविंद साव (निर्वाचित), महिला उपाध्यक्ष लिनीजुकता साव (निर्वाचित), संगठन सचिव कमल प्रसाद साव (निर्विरोध), महिला संगठन सहसचिव कौशल्या साव (निर्विरोध) हुए। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज की एकता शिक्षा सामाजिक जागरुकता और युवा सहभागिता पर चर्चा की गई। अध्यक्ष पंकज साव ने कहा कि साहू समाज एकजुट होकर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। नई कार्यकारिणी समाज के विकास संगठन सशक्तिकरण और कर्मा माता के आदर्शों के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। अंत में कर्मा माता की आराधना कर समाज की समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। नए पदाधिकारी के निर्वाचित होने पर सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य कवलजीत पम्मी छाबड़ा, जनपद सदस्य अजय अग्रवाल, ग्रामीण सेवा समिति अध्यक्ष राजेश नेताम, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विनोद सांवरिया, ग्राम गोटिया विनय दुबे, द्वितीयामनी जगदल्ला, पीतांबर विश्वकर्मा, संजय राणा सागर राणा ने हर्ष जताया है।






## बैठक में वार्षिक कार्ययोजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया

# यूथ रेडक्रॉस उपसमिति के सदस्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 06 अक्टूबर को यूथ रेडक्रॉस उपसमिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन एवं प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में हुई। यह बैठक यूथ रेडक्रॉस की वार्षिक एजेंडा को लेकर आयोजित की गई।

बैठक में डॉ अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक रेडक्रॉस जिला महासमुंद द्वारा वार्षिक कार्ययोजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। जिसमें सभी महाविद्यालयों को निर्धारित रेडक्रॉस शुल्क का अंशदान रेडक्रास जिला शाखा एवं राज्य शाखा को किया जाना है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस संस्था से विद्यालय और महाविद्यालय के सदस्य अधिक से अधिक संख्या में जुड़े तथा इसके महत्व को जानें। इसके लिए सदस्यता अभियान चलाए जाने के लिए जागरूक किया। प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण सभी सत्र के प्रारंभ में सभी महाविद्यालयों करना एवं इस वर्ष रेड क्रॉस का शिविर संचालन करने की बात कही। शिविर संचालन के लिए डॉ मालती तिवारी ज़िला संगठक रासेयो को शिविर संचालक एवं सहायक शिविर संचालक के रूप में डॉ श्वेतलाना नागल सहायक प्राध्यापक को चुना गया। संदीप दीवान चेयरमैन जिला शाखा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उनके अध्यक्षता में अब तक किए गए अनेक कार्यो को विस्तार पूर्वक बताया गया और आगामी लक्ष्य निर्धारित किए। साथ ही लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए एकजुट होने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे ने रेडक्रॉस के महत्व एवं शिविर में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। महाविद्यालयों को सौंपे कार्यो में सहयोग देने को कहा। अंत में डॉ अशोक गिरी गोस्वामी रेडक्रॉस जिला संगठक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

बैठक में उपसमिति के सदस्य मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा तथा कन्या महाविद्यालय महासमुंद से यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ स्वेतलाना नागल, डॉ जगदीश कुमार सत्यम, प्रदीप कन्हेर, लुकेश साहू, मानक लाल बारले उपस्थित थे।



